# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है।
2. बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल मनाया जाएगा– मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित होगा।
3. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज द्वीप समूह के तीनों जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ।
4. केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा द्वीप समूह के विभिन्न स्थानों पर "खेत बचाओ अभियान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्री विजयपुरम में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 के बाद अंडमान–निकोबार को देश के दूरस्थ हिस्से के रूप में देखा जाता था, लेकिन पिछले वर्षों में कनेक्टिविटी और विकास कार्यों के माध्यम से इस सोच में परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि जनधन, आधार और मोबाइल के एकीकरण से सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है और शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनी है। श्री रिजिजू ने विकसित भारत–2047 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों की भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने अंडमान–निकोबार में चल रही विकास परियोजनाओं तथा नए अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल सहित विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की भी सराहना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि पार्टी ने संगठन के विस्तार और जनसेवा के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत की है। अंडमान–निकोबार में बुनियादी ढांचे, डिजिटल कनेक्टिविटी और विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि द्वीपसमूह में ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी, बंदरगाह और अन्य विकास कार्यों से नए

अवसर सृजित हुए हैं। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों, महिला प्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठनों तथा विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कल दुनिया भर में मनाया जाएगा। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग है जो सभी आयु वर्ग के लिए योग के महत्व पर बल देता है। यह विषय उम्र बढने के साथ स्वस्थ, सक्रिय और सम्मानित जीवन जीने के लिए योग का आजीवन अभ्यास करने के महत्व पर बल देता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम पश्चिम बंगाल के कोलकाता में ऐतिहासिक रेड रोड पर आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में सामान्य योगाभ्यास के दौरान राष्ट्र का नेतृत्व करेंगे। रेड रोड पर राष्ट्रीय कार्यक्रम सुबह पांच बजे शुरू होगा।

<><><><><><><>

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज जिला न्यायालय भवन, पोर्ट ब्लेयर तथा उप—मंडलीय न्यायालय परिसर मायाबंदर, डिगलीपुर एवं कैंपबेल बे में वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में बैंक वसूली, बीएसएनएल, एनआई एक्ट, मोटर वाहन अधिनियम तथा आपराधिक मामलों सहित बड़ी संख्या में प्री—लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित मामलों का निस्तारण किया गया। पोर्ट ब्लेयर, मायाबंदर और डिगलीपुर में बैंक वसूली के अनेक मामलों का समझौते के माध्यम से समाधान हुआ। इसके अलावा आपराधिक मामलों का निपटारा कर जुर्माना भी वसूला गया। कार्यक्रम के संचालन के लिए पोर्ट ब्लेयर में तीन तथा मायाबंदर और डिगलीपुर में एक—एक पीठ का गठन किया गया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने कल कन्यापुरम ग्राम पंचायत कार्यालय में ”खेत बचाओ अभियान” कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य मृदा एवं जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य संवर्धन तथा टिकाऊ कृषि उत्पादन के प्रति किसानों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में डॉ एम मुरूगानंदम ने मृदा एवं जल संरक्षण उपायों, वर्षा जल संचयन तथा एकीकृत कृषि प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ वाई रामाकृष्णा ने जैव उर्वरकों एवं पारंपरिक कीट प्रबंधन तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट, जैव उर्वरकों तथा वैज्ञानिक खेती के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के लिए प्रेरित किया गया। संवाद सत्र में किसानों ने फसल एवं पशुपालन से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिन पर विशेषज्ञों ने तकनीकी सुझाव दिए। कार्यक्रम में लगभग 40 किसानों ने भाग लिया।

उधर, कृषि विज्ञान केन्द्र, निम्बूडेरा ने "खेत बचाओ अभियान" के तहत 17 से 19 जून तक रंगत ब्लॉक के पर्णसाला, जनकपुर एवं सीतापुर गांवों में टिकाऊ कृषि पद्धतियों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सत्तावन किसानों ने भाग लिया।

इसी प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र ननकौड़ी के मुनक गांव और कैम्पबेल बे में भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 30 किसानों किसानों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा "नारियल में मूल्य संवर्धन" विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल समापन हो गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों को कच्चे नारियल से उच्च मूल्य वाले उत्पाद तैयार करने की तकनीकी जानकारी प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जय सुंदर ने प्रतिभागियों से संवाद करते हुए उन्हें आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों को अपनाने तथा इस कौशल का उपयोग कर सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं डॉ. वाई रामाकृष्णा ने द्वीपों के आर्थिक विकास में स्थानीय स्तर पर वर्जिन कोकोनट ऑयल इकाइयों की स्थापना के महत्व पर प्रकाश डाला। सामाज कल्याण निदेशालय एवं केवीके के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त कौशल का उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने तथा स्थानीय द्वीपीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल सैंतीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

संपर्क से समाधान – प्रशासन गांव की ओर आउटरीच कार्यक्रम के तहत, कल रामनगर ग्राम पंचायत हॉल में कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिगलीपुर के सहायक आयुक्त, तहसीलदार और राजस्व अधिकारी मौजूद थे। इसका उद्द्देश्य प्रशासन को सीधे गांवों तक पहुंचाना, लोगों की शिकायतें सुनना और उनका जल्द समाधान सुनिश्चित करना था। इस दौरान नामांतरण, उप–विभाजन जैसे मुद्दों का निपटारा और ग्रामीणों तथा पंचायती राज संस्थान के सदस्यों द्वारा उठाई गई शिकायतों को सुना गया।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कल सुबह साढ़े छ बजे डिगलीपुर में एक मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विवेकानंद स्टेडियम,

डिगलीपुर से हुआ, जो रामकृष्णग्राम होते हुए हेलीपैड ग्राउंड, विद्यसागरपल्ली तक पहुंची। रैली को डिगलीपुर के सहायक आयुक्त संतोष प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर लगभग 60 बाइक सवारों ने भाग लिया, जिनमें अंडमान एवं निकोबार पुलिस, भारतीय सेना, भारतीय वायुसेना, स्थानीय प्रशासन तथा सुभाषग्राम एवं रामकृष्णग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि शामिल थे। इस जागरूकता रैली का उद्देश्य आमजन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना तथा योग के माध्यम से स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व का संदेश देना था।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय द्वारा शिल्प प्रशिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र अभ्यर्थियों की योग्यता सूची प्रकाशित कर दी गई है। आवेदन करने वाले तथा दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण कर चुके अभ्यर्थियों की सूची एवं अंक विवरण शिक्षा निदेशालय की आधिकारिक वेबसाइट पर दर्शा दी गई हैं। अभ्यर्थी प्रकाशित सूची के संबंध में 26 जून की मध्यरात्रि तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>